CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 331 रायपुर, शुक्रवार 26 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## आज से ट्रेन का सफर महंगा



- 216 किलोमीटर से 750 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किराए में पांच रुपए।
- 751 किलोमीटर से 1250 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 10 रुपए।
- 1251 किलोमीटर से 1750 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 15 रुपए।
- 1751 किलोमीटर से 2250 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 20 रुपए की वृद्धि होगी।

**रायपुर,** 26 दिसंबर (हाईवे चैनल)। यात्रीगण कृपया ध्यान देंज् आज से ट्रेन यानी रेल का सफर महंगा हुआ। भारतीय रेलवे के तहत चलने वाली ट्रेनों का किराया आज (शुक्रवार) यानी 26 दिसंबर से बढ़ गया है। इसके लिए रेलवे ने 21 दिसंबर को नोटिफिकेशन जारी किया था। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के लिए साधारण श्रेणी के टिकट की कीमत में एक पैसा प्रति किलोमीटर और मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की गैर वातानुकूलित और सभी ट्रेनों की वातानुकूलित (एसी) श्रेणियों के टिकट की कीमत में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि हुई है। रेल मंत्रालय के मुताबिक 'संशोधित किराया केवल आज (26 दिसंबर) या आज के बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। इस तिथि से पहले बुक किए गए टिकटों पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा, भले ही यात्रा प्रभावी तारीख के बाद की जाए।

बता दें कि मंत्रालय ने 21 दिसंबर को घोषणा की थी कि 26 दिसंबर (आज) से यात्री किराए में वृद्धि की जाएगी। यह एक साल में दूसरी बार है जब मंत्रालय ने यात्री रेल किरायों में संशोधन किया है। इससे पहले जुलाई में किराया में वृद्धि की गयी थी। रेलवे के मुताबिक, यात्रियों की सुविधा और संचालन की वित्तीय स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने के मकसद से यात्री किराया संरचना में रेशनलाइजेशन की घोषणा की गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संशोधित किराया संरचना के तहत, उपनगरीय सेवाओं और सीजन टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें उपनगरीय (सब अर्बन) और गैर-उपनगरीय दोनों मार्ग शामिल हैं। साधारण गैर एसी (गैर-उपनगरीय) सेवाओं के लिए, द्वितीय श्रेणी सामान्य, शयनयान श्रेणी सामान्य और प्रथम श्रेणी सामान्य में किराए को श्रेणीबद्ध तरीके से तर्कसंगत बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि द्वितीय श्रेणी सामान्य में 215 किलोमीटर तक की यात्राओं के लिए किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जिससे कम दूरी और रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

रेलवे के मुताबिक, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में नॉन-एसी और एसी दोनों श्रेणियों (स्लीपर, फर्स्ट क्लास, एसी चेयर कार, एसी 3-टियर, एसी 2-टियर और एसी फर्स्ट क्लास) के लिए किराया 2 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाया गया है। उदाहरण के तौर पर, 500 किमी की नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस यात्रा पर अब यात्रियों को लगभग 10 एक्स्ट्रा चार्ज देना होगा। बढ़ा हुआ किराया राजधानी, शताब्दी, दूरंतो, वंदे भारत, तेजस, हमसफर, अमृत भारत, गरीब रथ, जन शताब्दी, अंत्योदय, गतिमान, युवां एक्सप्रेस, नमो भारत रैपिड रेल समेत अन्य प्रमुख ट्रेनों पर समान रूप से लागू होगा। इसके अलावा रेलवे ने साफ किया है कि आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट सरचार्ज और बाकी किसी सहायक शुल्कों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं, जीएसटी की दरें और किराया राउंड-ऑफ के नियम भी पहले की तरह ही रहेंगे। 26 दिसंबर 2025 से स्टेशनों पर प्रदर्शित किराया सूची को भी नए किराए के अनुसार अपडेट किया जाएगा।

## ट्रक-कार में जोरदार टक्कर कांग्रेस नेता समेत 2 की मौत

**रायपुर,** 26 दिसम्बर (हाईवे चैनल) ।सारंगढ़-बिलाईगढ़. जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हुई, जिसमें कांग्रेस नेता और शिक्षक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, बिलाईगढ़ थाना क्षेत्र के दुम्हनी मोड़ के पास यह दुर्घटना हुआ है. देर रात धान लोड कर ले जा रही ट्रक से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर टकराने से दो लोगों की मौत हो गई. मृतकों की पहचान कांग्रेस नेता यशवंत कुमार टंडन (37 साल) और शिक्षक रूपेंद्र कुमार देवांगन (35 साल) के रूप में हुई है. सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. हादसे के कारणों की जांच जारी है.

**हैदराबाद में छत्तीसगढ़ के युवक की सड़क हादसे में मौत-** हैदराबाद में एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर निवासी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक की पहचान अंकित टेकाम के रूप में हुई. उसके पिता केआर टेकाम पेशे से शिशु रोग विशेषज्ञ हैं. जानकारी के अनुसार, तीन दिन पहले यानी 23 दिसंबर को हैदराबाद में अंकित सड़क हादसे का शिकार हुआ था. अंकित पढ़ाई करने के लिए वहां गया हुआ था. आज उसके पार्थिव शरीर को लेकर परिजन घर लौट रहे हैं, जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

अंबिकापुर. अंबिकापुर के रिंग रोड नमना कला में सड़क हादसा हुआ है. सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार बाइक सवार टकरा गए. हादसे में दो युवक की मौत हो गई है. घटना गांधी नगर थाना क्षेत्र की है. जानकरी के मुताबिक, गांधी चौक की तरफ से बाइक सवार बस स्टैंड की तरफ जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ. हादसे के बाद सड़क किनारे खड़े ट्रक को चालक लेकर मौके से भाग गया.

## डीएफओ की गाड़ी से ग्रामीण की मौत, दो भैंसों ने भी तोड़ा दम

**रायपुर,** 26 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे पर धरसींवा के पास अंबिकापुर-सरगुजा डीएफओ की सरकारी स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार एक ग्रामीण और सड़क पार कर रही दो भैंसों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि ग्रामीण की पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है. हादसे के बाद पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ली है. हादसा 22 दिसंबर की शाम को छह बजे के बाद चरौदा में मोंदही ओवरब्रिज के पास हुआ. डीएफओ सरगुजा की तख्ती वाली स्कार्पियो सीजी 02 ए यू 0470 से हादसा हुआ.

पुलिस के मुताबिक सिलतरा निवासी मृतक मनहरण पिता प्रेमनाथ वर्मा (45 वर्ष) बाइक में अपनी पत्नी रेखा वर्मा के साथ ग्राम किरना में रिश्तेदारों से मिलकर घर लौट रहे थे. शाम छह-साढ़े 6 बजे ग्राम मोंहदी ओवरब्रिज पर भैंसों को ग्रामीण हाईवे पार करा रहे थे. भैंसों को सड़क पर देखकर मनहरण ने अपनी बाइक को ब्रेक लगाया तो पीछे से तेज रफ्तार ब्लैक स्कार्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. बाइक को जोरदार टक्कर मारने के बाद भी स्कार्पियो की रफ्तार कम नहीं हुई और वह दो भैंसों को ठोकर मारते हुए आगे बढ़ गई. हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी दोनों को गंभीर चोटें आईं. अस्पताल पहुंचने से पहले मनहरण वर्मा की मौत हो चुकी थी जबकि रेखा वर्मा का इलाज जारी है. वहीं घटनास्थल पर ही दोनों भैंसों की भी मौत हो गई.

## ब्रेकिंग न्यूज

### पटियाला में मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 26 दिसंबर (न्यूज चैनल)। पंजाब के पटियाला में बृहस्पतिवार को हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर लक्की पटियाल का एक सहयोगी घायल हो गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की पहचान मोगा जिले के रहने वाले मनप्रीत उर्फ ??मन्ना के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वरुण शर्मा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान मनप्रीत को गोली लग गई और उसे सरकारी राजिंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शर्मा ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने लक्की पटियाल गिरोह के सदस्यों की गतिविधियों के संबंध में मिली विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप मनप्रीत घायल हो गया। शर्मा के मुताबिक, मनप्रीत का साथी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहा। हालांकि, मनप्रीत को हिरासत में ले लिया गया। शर्मा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी राजपुरा में हाल ही में एक ढाबा मालिक और समाना में एक प्रवासी भारतीय के आवास को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी की घटनाओं में शामिल थे। उन्होंने बताया कि फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं।

### उन्नाव दुष्कर्म केस : दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोगों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा है कि अगर आप विरोध करना चाहते हैं, तो जंतर-मंतर पर जाएं। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की सजा को अपील लंबित रहने तक निलंबित कर दिया और दिल्ली में रहने समेत कई सख्त शर्तों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट से मिली सशर्त जमानत पर पीड़िता की मां ने कहा, इनकी जमानत खारिज की जाए।




चूहा- सुनती हो, अम्बिकापुर के बाद अब रायपुर जगदलपुर हवाई सेवा भी बंद हो गई।
चुहिया- हां जी, बहुत सारी योजनाएं केवल हवा-हवा में रहती है।

## पुलगांव में सड़क हादसा, केपीएस स्कूल की महिला कर्मचारी की मौत



**दुर्ग,** 26 दिसंबर (हाईवे चैनल)। पुलगांव थाना क्षेत्र में सुबह सड़क हादसे में केपीएस स्कूल दुर्ग की महिला कर्मचारी की मौत हो गई। महिला सुबह पैदल कार्यस्थल जा रही थी, तभी पुलगांव चौक पर एक अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलगांव थाना प्रभारी अमित अदानी के अनुसार मृतका का नाम उ4ार देशमुख, उम्र ५० वर्ष, निवासी कोल्हियापुरी बताया गया है। वह केपीएस स्कूल दुर्ग में कार्यरत थीं और रोज की तरह आज सुबह करीब ७ बजे पैदल स्कूल जा रही थीं। इसी दौरान पुलगांव चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उत्तर देशमुख मौके पर ही गिर पड़ीं और उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, पंचनामा और स्थल निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सीसीटीवी फुटेज के सहयोग से अज्ञात वाहन के पहचान की प्रयास की जा रही है।

### धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक की फांसी पर लटकी मिली की लाश

अंबिकापुर, 26 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने खौफनाक कदम उठा लिया. घर में उनकी फांसी के फंदे पर लटकती लाश मिली है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना सीतापुर थाना क्षेत्र की है. (सीतापुर धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक की फांसी पर लटकी मिली की लाश) जानकारी के मुताबिक, मृतक दिनेश गुप्ता सीतापुर के केरजू धान खरीदी केंद्र में प्रबंधक के रूप में पदस्थ थे. वह शुक्रवार रात से मानसिक रूप से विचलित थे. रात 1 से 1:30 बजे के बीच घर लौटे. बताया जा रहा है कि कुछ देर दिनेश ने मौत को गले लगाया लिया. इस बीच पैसों के लेन-देन से जुड़ा मामला भी सामने आ रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची.

## तिरुवनंतपुरम में भाजपा के पार्षद वी.वी. राजेश महापौर चुने गए



**भाजपा का पहला मेयर**

**केरल में बड़ा सियासी मोड़**

**नई दिल्ली,** 26 दिसंबर (न्यूज चैनल)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षद वी.वी. राजेश शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के महापौर चुने गए। इतिहास में यह पहली बार है जब भगवा पार्टी का कोई पार्षद तिरुवनंतपुरम नगर निगम का महापौर चुना गया है। राजेश, जो भाजपा के केरल सचिव और कोडुंगानूर वार्ड के पार्षद हैं, ने 50 भाजपा पार्षदों और एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन प्राप्त किया। वहीं, वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के उम्मीदवार आरपी शिवाजी और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के उम्मीदवार केएस सबरीनाथन को क्रमश: 29 और 17 वोट मिले।

नए महापौर बनने के बाद राजेश ने कहा कि हम सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। सभी 101 वार्डों में विकास कार्यक्रम लागू किए जाएंगे और सभी के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। तिरुवनंतपुरम देश का एक विकसित शहर बनेगा। केरल में हाल ही में हुए नगर निकाय चुनावों में त्रिपक्षीय मुकाबले वाले तिरुवनंतपुरम में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। पार्टी ने 50 वार्डों में जीत दर्ज कर राज्य की राजधानी में दशकों से चले आ रहे वामपंथी शासन का अंत किया। एलडीएफ ने 29 वार्ड जीते, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने भी प्रगति करते हुए 19 वार्डों में जीत हासिल की। केरल नगर निकाय चुनावों के पहले चरण के तहत 9 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में मतदान हुआ,

## बांग्लादेश में एक और हिंदू बेटे की हत्या



**नई दिल्ली,** 26 दिसंबर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक को उग्रवादियों की भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला है. ये चौंकाने वाली हत्या राजबाड़ी में हुई है, जिसमें रात के अंधेरे में कुछ लोग आए और 30 साल के सम्राट मंडल को घेर लिया. इसके बाद उसे भरे बाजार तब तक पीटा गया जब तक उसकी सांसें बंद नहीं हो हई. इस बार अपराधियों को ईशनिंदा का आरोप नहीं मिला तो कुछ और ही इल्जाम लगाकर टारगेट किया गया. बांग्लादेश पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम अमृत मंडल उर्फ सम्राट है, जिसके खिलाफ उगाही और डराने-धमकाने के कई मामले दर्ज हैं. पुलिस का कहना है कि अमृत 'सम्राट बाहिनी' का मुखिया था. अमृत मंडल उर्फ सम्राट (30) हुसैनडांगा के अक्षय मंडल का बेटा है. पुलिस ने सम्राट के एक सहयोगी मोहम्मद सलीम को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से एक पिस्तौल सहित हथियार बरामद किए गए

## ईसाइयों पर हमला और बर्दाश्त नहीं, मैरी क्रिसमस बोलते हुए ट्रंप ने कर दी मिसाइलों की बरसात



**नई दिल्ली,** 26 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका ने उत्तर पश्चिमी नाइजीरिया में एयर स्ट्राइक कर दी। उत्तर पश्चिमी नाइजीरिया में यूएस फोर्स की तरफ से स्ट्राइक की गई है। ये स्ट्राइक आईएसआईएस के ठिकानों पर की गई है। अमेरिका ने बकायदा इसका वीडियो जारी किया है। ट्रंप ने कहा कि इस्लामिक आतंकवाद पनपने नहीं देंगे। ये सटीक हमले ट्रंप के शासनकाल में नाइजीरिया में अमेरिकी सेना द्वारा किया गया पहला हमला है और यह उस घटना के बाद हुआ है जब रिपब्लिकन ने अक्टूबर और नवंबर में अप्रत्याशित रूप से पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र की निंदा करते हुए कहा था कि नाइजीरिया के असंख्य सशस्त्र संघर्षों के बीच वहां के ईसाईयों को अस्तित्वगत खतरा का सामना करना पड़ रहा है जो नरसंहार के बराबर है। ट्रंप ने पोस्ट में लिखा कि आज रात, कमांडर-इन-चीफ के रूप में मेरे निर्देश पर अमेरिका ने उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया में आईएसआईएस आतंकियों के खिलाफ एक शक्तिशाली और घातक हमला किया। ये आतंकी कई वर्षों से, खास तौर पर निर्दोष ईसाइयों को निशाना बनाकर बेरहमी से हत्या कर रहे हैं। ट्रम्प ने आगे कहा कि उनके नेतृत्व में अमेरिका कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद को पनपने नहीं देगा। उन्होंने पोस्ट का समापन करते हुए कहा, ईश्वर हमारी सेना को आशीर्वाद दे, और सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं, जिनमें मारे गए आतंकवादी भी शामिल हैं, जिनकी संख्या और भी अधिक होगी यदि वे ईसाइयों का नरसंहार जारी रखते हैं।

## 'आई लव यू' कहकर लड़की का हाथ पकड़ना अपराध : हाईकोर्ट



**पीड़िता की उम्र साबित नहीं होने पर आरोपी की घटाई सजा**

**बिलासपुर,** 26 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने आज महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि आई लव यू कहकर किसी लड़की का हाथ पकड़ना, उसे अपनी ओर खींचना, महिला की मर्यादा भंग करना अपराध है। हालांकि पीड़िता की उम्र नाबालिग है या नहीं, यह साबित नहीं होने के कारण आरोपी को पॉक्सो एक्ट से बरी कर दिया गया। जस्टिस एनके चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने 3 साल की सजा को घटाकर 1 साल कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली लड़की 28 नवंबर 2019 को स्कूल से लौट रही थी। इस दौरान 19 साल का रोहित चौहान उसके पास पहुंचा। उसने लड़की का हाथ पकड़कर आई लव यू कहा और उसे अपनी ओर खींचा। जब लड़की ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज की। लड़की की छोटी बहन और दोस्त ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद वे डर से छिप गईं। घर पहुंचकर लड़की ने मां को बताया। इसके बाद पिता के साथ थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। रायगढ़ के फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 20 मई 2022 को आरोपी को आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत दोषी ठहराया था। दोनों धाराओं में 3-3 साल की सजा और एक-एक हजार रुपए जुर्माना लगाया गया था। आरोपी ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने सजा को 3 साल से घटाकर 1 साल कर दिया। आरोपी फिलहाल जमानत पर है और उसे बाकी सजा काटने के लिए सरेंडर करने को कहा गया है।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान तर्क दिया कि पीड़िता की उम्र सही साबित नहीं हुई। स्कूल रिकॉर्ड में जन्मतिथि 15 जून 2005 दर्ज है, लेकिन पीड़िता के पिता ने गवाही में साल 2003 बताया। कोई जन्म प्रमाणपत्र या आधार दस्तावेज नहीं पेश किया गया। कोर्ट ने इस पर सहमति जताई और कहा कि उम्र साबित न होने से पॉस्को एक्ट लागू नहीं होता। हालांकि, धारा 354 के तहत दोष सिद्ध मानते हुए कोर्ट ने कहा कि ऐसी हरकत महिलाओं की मर्यादा को ठेस पहुंचाती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि 'मर्यादा' का मतलब महिला की गरिमा और सेक्सुअल डिसेंसी से है। आईपीसी की धारा 354 महिला की मर्यादा भंग करने के लिए हमला या आपराधिक बल प्रयोग करने का प्रावधान है। इस मामले में 2 साल तक की सजा या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं, जबकि पीड़िता की उम्र साबित न होने से पॉक्सो एक्ट की धारा 8 रद्द की गई है।

## बीएमसी सीट बंटवारे पर लगी मुहर! भाजपा 140 और शिंदे सेना 87 पर राजी

**नई दिल्ली,** 26 दिसंबर (न्यूज चैनल)। कई दिनों की विचार-विमर्श के बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों के लिए सीट बंटवारे का समझौता कर लिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि महायुति गठबंधन द्वारा तय किए गए फार्मूले के अनुसार, भाजपा 140 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शिंदे की सेना 87 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीएमसी के लिए मतदान 15 जनवरी को राज्य के अन्य सभी नगर निगमों के साथ होगा। वोटों की गिनती 16 जनवरी को होगी। यह घटनाक्रम गठबंधन के दोनों सहयोगी दलों के बीच असंतोष की खबरों के बीच हुई मैराथन बैठकों के कुछ दिनों बाद सामने आया है। हालांकि, भाजपा और शिंदे सेना ने इन खबरों को खारिज करते हुए सूत्रों के हवाले से कहा है कि उन्होंने 200 सीटों के लिए सीट बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है और शेष 27 सीटों के लिए बातचीत जारी है। असंतोष की खबरों के बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहले शिवसेना का समर्थन किया था और भाजपा नेताओं को शिंदे की पार्टी पर खुलेआम हमला करने से बचने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि भाजपा और शिवसेना एकजुट हैं और उन्हें औपचारिक रूप से गठबंधन की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने दिन में पहले कहा, भाजपा और शिवसेना एकजुट हैं। सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। हमें औपचारिक रूप से गठबंधन की घोषणा करने की आवश्यकता नहीं है।

CMYK